सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–**cm-338**

01/08/2018

सन्नो के सकुशल रेस्क्यू पर मुख्यमंत्री ने खुशी एवं संतोष व्यक्त किया

पटना, 01 अगस्त 2018 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने मुंगेर के मुर्गियाचक में पिछले लगभग 31 घंटों से बोरवेल में फंसी तीन साल की बच्ची सन्नो के सकुशल रेस्क्यू पर खुशी एवं संतोष व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने इसके साथ ही परिजनों एवं बचाव दल के तमाम सदस्यों को भी बधाई दी है।

मुख्यमंत्री ने बचाव में लगे आपदा प्रबंधन विभाग, एन0डी0आर0एफ0, एस0डी0आर0एफ0 एवं जिला प्रशासन की टीम को धन्यवाद देते हुये कहा कि विपरीत परिस्थितियों के बाद भी सन्नो का सकुशल रेस्क्यू बेहतर टीम समन्वय का परिणाम है। उन्होंने परिजनों एवं स्थानीय लोगों की भी प्रशंसा की जिन्होंने इस मुश्किल घड़ी में प्रशासन एवं बचाव दल को अपना सहयोग देकर इस अभियान को सफल बनाया।

मुख्यमंत्री ने सन्नो को बेहतर चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध कराने का भी निर्देश दिया है और उसके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की है।

******